केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान

रहमानखेड़ा, पो. काकोरी, लखनऊ–226 101 (उत्तर प्रदेश)

Central Institute For Subtropical Horticulture

Rehmankhera, P.O. Kakori, Lucknow-226 101 (Uttar Pradesh)

E-mail : cish.lucknow@gmail.com Web Site : www.cishlko.org

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2013 को संस्थान के रहमानखेडा फार्म के 705 अमरूद, 305 आंवले तथा 892 केले के पेडों की फसल की नीलामी तथा दिनांक 09.10.2013 को आर0 बी0 रोड कैम्पस के 476 अमरूद, 146 आंवले तथा 830 केले के पेडों की फसल की नीलामी की जानी है । निविदा फार्म संस्थान के रहमानखेडा स्थित कार्यालय तथा आर0 बी0 रोड कैम्पस पर प्रत्येक फसल के लिये अलग–अलग बिक्री के लिये उपलब्ध होंगें जिसे उक्त स्थलों से रु0 100/– प्रति फार्म की दर से क्रय किया जा सकता है। रहमानखेडा फार्म की फसल के निविदा फार्म दिनांक 30–9–2013 से 3–10–2013 तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा प्रत्येक दशा में दिनांक 4–10–13 को पूर्वान्ह 11 बजे तक जमा किये जा सकते हैं जो कि उसी दिन रहमानखेडा स्थित कार्यालय में उपस्थिेत निविदादाताओं के समक्ष दोपहर 12 बजे खोले जायेगें तथा संस्थान के आर0बी0रोड की फसल के निविदा फार्म दिनांक 30–9–2013 से 7–10–13 तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपरान्ह 4 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा प्रत्येक दशा में दिनांक 8–10–13 को अपरान्ह 3 बजे तक जमा किये जा सकते हैं जो कि दिनांक 9–10–2013 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दोपहर 12 बजे संस्थान के आर0 बी0 रोड कैम्पस पर खोले जायेगें। निविदा फार्म संस्थान के website : www.cishlko.org से भी उक्त अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं जिसके लिये टेन्डर फार्म की कीमत प्रति फार्म 100/– का बैंक ड्फ्ट निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा । निर्धारित समय सीमा के उपरान्त प्राप्त होने वाले निविदा फार्म पर विचार नहीं किया जा सकेगा व संस्थान इसके लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। प्रत्येक निविदा फार्म के साथ जमानत राशि(ई0एम0डी) के रुप में रू0 2,500.00 का बैंक ड्राफ्ट बनवा कर संलग्न करना आवश्यक होगा। बैंक ड्राफ्ट ICAR unit-CISH,Lucknow के पक्ष में देय होगा । आवश्यकता पडने पर खुली बोली भी करवायी जा सकेगी तथा खुली बोली में केवल वही निविदादाता हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होने निविदा फार्म भरा होगा जिसकी शर्ते नीलामी स्थल पर ही सूचित की जायेगी ।

सहायक प्रशाससनिक अधिकारी